***प्रेस विज्ञप्ति***

***कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज, दिनांक जनवरी 23, 2023***

**!!  आज दिनांक 23.01.2023 को पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन में जनपद महराजगंज पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य का विवरण!!**

*1.* "मिशन शक्ति अभियान" के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं/महिलाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक ।

*2.*महराजगंज पुलिस द्वारा बैंक, एटीएम, वित्तीय प्रतिष्ठान आदि की सघन चेकिंग कर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई ।

***3.*यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग-*** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 151 वाहनों का चालान किया गया।

*4.* पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, कास्तकारों, किसानों के साथ थानों में शान्ति समिति की बैठके कर सौहार्दपूर्ण,स्वस्थ वातावरण बनाए रखने हेतु पराली न जलाने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी । तथा समस्त थानों प्रभारियों को उपरोक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

***5. शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 27 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151, तथा धारा-107/116 सीआरपीसी में 25 व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया ।

*6. पैदल गश्त अभियान-* श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे पैदल गश्त अभियान के तहत जनपद पुलिस के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बा में स्थित चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया। जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके । नियम विरुद्ध कार्य करने वाले 02 व्यक्तियों को धारा 34 पुलिस अधिनियम तथा 06 व्यक्तियों को धारा 110 जी जा0फौ0 में वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

*7. अबकारी अधिनियम में की गयी कार्यवाही-*

*थाना फरेन्दा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* 1. अभियुक्ता सरस्वती उर्फ उसराही पत्नी तुफानी उर्फ बिहारी नि0 भारी बैसी थाना फरेन्दा जनपद महराजगंज नगर के कब्जे से एक जरिकैन में करीब 10 लीटर कच्ची शराब शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 30/23 धारा 60(1)ख आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

*थाना बृजमनगंज पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* 1. अभियुक्त परमेश्वर पुत्र दशरथ विश्वकर्मा नि0 बरड़ाड टोला झिंगुरीजोत थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 23/23 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

*थाना श्यामदेउरवा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* 1. अभियुक्ता मंशा केवट पत्नी गुलाबचन्द्र केवट नि0 बेलासपुर नर्सरी थाना श्यामदेउरवां जनपद महराजगंज के कब्जे से 10 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 27/23 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया । 2. अभियुक्ता बिन्दु देवी पत्नी गुड्डू निषाद नि0 बेलासपुर नर्सरी थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 28/23 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

*थाना नौतनवां पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* 1. अभियुक्त सुबास चौहान पुत्र रामकिशुन चौहान नि0 मुडेहरा थाना नौतनवां जनपद महराजगंज के कब्जे से 24 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 25/23 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

*थाना निचलौल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* 1. अभियुक्त गोविन्द पुत्र नन्दलाल भारती नि0 ग्राम गिरहिया टोला बाजार बरगद थाना निचलौल जनपद महराजगंज के कब्जे से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 35/23 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

*8.कस्टम अधिनियम में की गयी कार्यवाही-*

*थाना सोनौली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* अभियुक्तगण 1. दादुल भूरीया पुत्र संन चिंग भूरिया सा0 लाचुंग ट्रेडिशन टाजुमशा सिस्टम पीडब्ल्यू के निकट गुप्ता जीपीयु लाचुंग सिक्किम 2.जंगफू भूरिया पुत्र शम्फे भूरिया सा0 लाचुंग ट्रेडिशनल टाजुमशा सिस्टम पीडब्ल्यू निकट गुप्ता जापीयु लाचुंग सिक्किम के कब्जे से सफेद धातु की एक सुराही व सफेद धातु की 14 छोटी बड़ी कटोरी बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 निल/23 धारा 111 कस्टम अधिनियम में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया ।

*11. विवेचनाओं का निस्तारण-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल- 17 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया ।

*12. जनपद में 22/23.01.2023 को विभिन्न अपराधों में कुल- 33 अभियुक्तो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।*

*13.आदेश-* महराजगंज पुलिस द्वारा शान्ति सुरक्षा, कानून व्यवस्था अपराध नियन्त्रण को सुचारू रुप से संचालित करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकीरियों/थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पैदल गशत किया जायेगा ।